# अयोध्या दर्शन गाइड

TRAVEL WITH RV

www.travelwithrv.co




TRAVEL WITH RV

JOURNEYS AROUND THE WORLD

# राम मंदिर कब खुलता है

सुबह- **6.30** से दोपहर **12.00** बजे तक

दोपहर- **2.30** से रात **10.00** बजे तक (समय में परिवर्तन संभव)



## मंदिर में दर्शन कैसे होंगे?

- राम मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर की दुरी करीब **200** मीटर है। यहां से मंदिर तक पहुंचने के लिये बुज़ुर्गो या विकलांगों के लिये व्हीलचेयर की सुविधा भी रहेगी।
- मंदिर में आपको सिंह द्वार से होते हुए **32** सीढी चढ़कर राम मंदिर में प्रवेश मिलेगा। इसके बाद आप पाँच मंडप पार करके गर्भ गृह में रामलला के दर्शन **30** फीट की दूरी से कर पाएंगे।

## रामलला की आरती का समय क्या है?

- मंगला आरती- सुबह **4.30** बजे
- श्रृंगार आरती- सुबह **6.30** से **7.00** बजे
- भोग आरती- **11.30** बजे
- मध्यान्ह आरती- दोपहर **2.30** बजे
- संध्या आरती- शाम **6.30** बजे
- शयन आरती- रात्रि **8.30** से **9.00** बजे

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

# अयोध्या दर्शन

- रामलला के वीआईपी दर्शन एवं मंगला व श्रृंगार आरती के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने अभी तक कोई व्यवस्था घोषित नहीं की है। श्रृंगार, भोग और संध्या आरती में भक्त शामिल हो सकेंगे ।

- भगवान दिन में ढाई घंटे (दोपहर **12** से ढाई बजे तक) विश्राम करेंगे। इस दौरान गर्भगृह के पट बंद रहेंगे।

## आरती में कैसे शामिल हो सकते हैं?



- पास की ऑफलाईन व्यवस्था

आरती में शामिल होने का नियम ट्रस्ट तय कर रहा है। अभी ट्रस्ट द्वारा पास बनाया जाता है । ऑफलाइन पास श्रीराम जन्मभूमि कैंप कार्यालय से बनता है। इसके लिए आईडीप्रूफ देना अनिवार्य है ।

- पास की ऑनलाइन व्यवस्था

**https://online.srjbtkshetra.org#/aarti** पर जाकर ऑनलाइन पास के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है, हालाँकि अभी यह व्यवस्था सक्रिय नहीं हुई है। कुछ दिन बाद व्यवस्था सामान्य होने के बाद आप ऑनलाइन बुकिंग कर पाएंगे ।

- वीआईपी दर्शन की क्या व्यवस्था है?

मंदिर में वीआईपी दर्शन की कोई अधिकारिक व्यवस्था, टिकट या शुल्क नहीं है। अभी व्यवस्थाएं तय की जा रही है ।

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

**Book Your Hotels & Fleet on Exclusive Deals**

**+91 9582628654 | 9315756788 | 6397371454**



# अयोध्या दर्शन



TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

## मंदिर में प्रसाद क्या मिलेगा?

**राम मंदिर में भक्तों को 'इलाइची दाने' का प्रसाद दिया जाएगा । ये चीनी और इलाइची को मिलाकार बनाया जाता है। मंदिर परिसर में ही भक्तों को नि:शुल्क प्रसाद की व्यवस्था है ।**

## प्रसाद कहाँ से मिलेगा?

**सभी भक्तों को प्रसाद बांटने के लिए मशीन लगाई गई है ये मशीनें परिसर में दर्शनार्थियों के वापसी के रास्ते पर स्थापित हैं। अभी शुल्क के साथ प्रसाद की कोई व्यवस्था मंदिर में नहीं है ।**

## चढ़ाने के लिए प्रसाद ले जा सकते हैं?

**भक्त भी विशेष अनुमति से शाकाहारी और शुद्ध मिठाई और मेवे आदि का भोग लगवा सकते हैं सुरक्षा कारणों से रामलला के मंदिर में भगवान को अर्पित करने के लिए नारियल, फुल माला, श्रृंगार या और कोई और चीज भक्त नहीं ले जा सकेंगे।**

## मंदिर में अंदर क्या ले जा सकेंगे?

**मंदिर दर्शन के वक्त आप अंदर केवल पैसा या चश्मा जैसी जरूरी चीजें ही ले जा सकेंगे। अन्य वस्तुओं के लिए दर्शन मार्ग पर लॉकर की सुविधा है।**

*Visit Ayodhya: Travel with RV*
*www.travelwithrv.co*
*Email: info@travelwithrv.co*

*Ayodhya, the land that marks the sacrifice and devotion of Lord Shri Ram!*

# कैसे पहुंचे अयोध्या :
## एयर कनेक्टिविटी -

BOARDING PASS

### अयोध्या पहुंचने के लिए देश के इन प्रमुख शहरों से फ्लाइट

| शहर | एयरलाइंस | फ्लाइट का समय | अयोध्या पहुंचेगी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | IX-1590<br>QP-1607<br>6E-2128 | 1000 Hrs.<br>1135 Hrs.<br>1335 Hrs. | 1120 Hrs.<br>1255 Hrs.<br>1455 Hrs. |
| मुंबई | SG-385<br>6E-5378 | 0820 Hrs.<br>1230 Hrs. | 1040 Hrs.<br>1445 Hrs. |
| अहमदाबाद | SG-511<br>6E-6375 | 0555 Hrs.<br>0910 Hrs. | 0800 Hrs.<br>1100 Hrs. |
| चेन्नई | SG-311 | 1250 Hrs. | 1525 Hrs. |
| बैंगलुरु | IX-764<br>SG-327 | 0805 Hrs.<br>1050 Hrs. | 1035 Hrs.<br>1330 Hrs. |
| कोलकाता | IX-765 | 1325 Hrs. | 1505 Hrs. |
| दरभंगा | SG-3423 | 1055 Hrs. | 1210 Hrs. |
| जयपुर | SG-3421 | 0715 Hrs. | 0900 Hrs. |
| पटना | SG-3425 | 1410 Hrs. | 1515 Hrs. |

फ्लाइट के समय में परिवर्तन संभव



TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

*Book your flight & Ready to Travel*
*Ayodhya is Calling*



*Visit us: www.travelwithrv.co*

# कैसे पहुंचे अयोध्या :

## रेल कनेक्टिविटी -


### बड़े शहरो से अयोध्या पहुंचने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनें और उनका समय

| शहर | ट्रेन का नाम | प्रस्थान | अयोध्या आगमन | हफ़्ते में कब |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | वंदे भारत एक्स. | 06:10 सुबह | 02:30 दोपहर | सोम, मंगल, गुरु, शुक्र, शनि, रवि |
| दिल्ली | अयोध्या एक्स. | 06:20 शाम | 07:15 सुबह | रोजाना |
| दिल्ली | कैफियत एक्स. | 08:25 शाम | 06:56 सुबह | रोजाना |
| अमृतसर | सरयू यमुना एक्स. | 01:05 दोपहर | 08:51 सुबह | सोम, बुध, शनि |
| अहमदाबाद | साबरमती एक्स. | 11:10 रात | 04:22 सुबह | सोम, मंगल, गुरु, शनि |
| जयपुर | मरुधर एक्स. | 01:40 दोपहर | 04:43 सुबह | सोम, गुरु, शनि, |
| भोपाल | YPR GKP एक्स. | 03:35 रात | 04:24 दोपहर | शनि |
| भोपाल | INDB PNBE एक्स. | 01:55 दोपहर | 07:45 सुबह | शनि |
| मुंबई | साकेत एक्स. | 06:00 सुबह | 08:00 सुबह | बुध, शनि |
| कोलकाता | KOAA JAT एक्स | 11:45 सुबह | 06:21 सुबह | रोजाना |
| बेंगलुरु | YPR GKP एक्स. | 11:40 रात | 04:24 दोपहर | बुध |



TRAVEL WITH RV

JOURNEYS AROUND THE WORLD



रेलगाड़ी के समय में परिवर्तन संभव

# अयोध्या दर्शन गाइड

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

## कई विशेष ट्रेनें:


- रेलवे ने देश के विभिन्न हिस्सों को अयोध्याजी से जोड़ने वाली 1000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। ये ट्रेन 19 जनवरी से 100 दिनों तक चलने की योजना है। इन ट्रेनों के बारे में आप अपने शहरों से पता कर सकते हैं।
- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, नागपुर, लखनऊ, जम्मू और कश्मीर सहित अन्य शहरों से ट्रेन चलाने की योजना है।


## सड़क कनेक्टिविटी - अयोध्या के लिए बड़े शहरों से सड़क मार्ग से कनेक्टिविटी इस प्रकार है

### सड़क और बस से कनेक्टिविटी -

सभी बड़े शहरों से अयोध्या सड़क मार्ग से जुड़ी हुई है। यहां आप अपने वाहनो से भी जा सकते हैं और सरकार या निजी बसों से भी। दिल्ली से अयोध्या के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की UPSRTC की बस सेवा भी उपलब्ध है।

| शहर | दुरी किमी में | यात्रा में लगने वाला समय |
|---|---|---|
| दिल्ली | 680 | 11 घंटे |
| मुंबई | 1590 | 36 घंटे |
| जयपुर | 700 | 12 घंटे |
| अहमदाबाद | 1400 | 30 घंटे |
| इंदौर | 950 | 19 घंटे |
| भोपाल | 800 | 15 घंटे |
| चंडीगढ़ | 950 | 16 घंटे |
| रायपुर | 800 | 19 घंटे |
| रांची | 660 | 14 घंटे |
| पटना | 420 | 08 घंटे |



# अयोध्या दर्शन गाइड

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD


Ultra Luxury UP Religious Tour DMC

## उत्तर प्रदेश के शहरों से दूरी व यात्रा समय



उत्तर प्रदेश के इन प्रमुख पर्यटन शहरों से भी अयोध्या के लिए टैक्सी और बसें आसानी से उपलब्ध है।

| शहर | दुरी किमी में | यात्रा में लगने वाला समय |
|---|---|---|
| आगरा | 488 | 8 घंटे |
| लखनऊ | 135 | 2.30 घंटे |
| गोरखपुर | 140 | 3 घंटे |
| प्रयागराज | 168 | 3.30 घंटे |
| वाराणसी | 218 | 5 घंटे |




www.travelwithrv.co +91 9582628654 info@travelwithrv.co

## अयोध्या में आपका स्वागत है

# कहां रुक सकते हैं

**अयोध्या में ठहरने - रुकने कि व्यवस्था लगातार बढ़ रही है। आसपास  के दायरे में ही बहुत अच्छी व्यवस्था है राम मंदिर के आस-पास ठहरने के मौजूद चुनिंदा स्थानो के बारे में पढ़िए:**

#TAREVLWITHRV




| स्थान | श्रेणी | मंदिर से दूरी |
|---|---|---|
| प्रवेग टेंट सिटी ब्रह्म कुंड | ★★★★ | 560 मीटर |
| रमीला कुटीर | ★★★ | 3.8 किमी. |
| रामप्रस्थ होटल | ★★★ | 3.9 किमी. |
| क्रिनोस्को होटल | ★★★★ | 3.9 किमी. |
| पंचशील होटल | ★★★ | 5.2 किमी. |
| ताराजी रिसॉर्ट | ★★★ | 5.3 किमी. |
| पार्क इन बाय रेडिसन | ★★★★ | 7 किमी. |
| रामायण होटल | ★★★★ | 7.3 किमी. |
| सिग्नेट कलेक्शन- केके होटल | ★★★★ | 8.6 किमी. |
| रॉयल हेरिटेज | ★★★ | 11 किमी. |
| अवध सनशाइन पैलेस | ★★★ | 11 किमी. |
| क्लार्क्स इन एक्सप्रेस | ★★★★ | 13 किमी. |



**जय श्री राम**

# अयोध्या दर्शन गाइड

## प्रमुख दर्शनीय स्थल:

### अयोध्या में भगवान राम से जुड़े वो प्रमुख स्थान जो आप देख सकते हैं।

**अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के अलावा भगवान राम से जुड़े और भी कई स्थान है। इन स्थानों पर भगवान राम के चिन्ह मौजुद हैं। ये स्थान राम मंदिर के आस पास ही हैं।**



### हनुमानगढ़ी - राम मंदिर से दूरी 500 मीटर

महत्व - राम मंदिर जाने से पहले हनुमान मंदिर के दर्शन करने की परंपरा रही है। मंदिर में जो मूर्ति है, उसमें हनुमान जी मां अंजनी की गोद में हैं।

खुलने का समय - सुबह 04.00 बजे से रात 10.00 बजे तक खुला रहता है।

### छोटी देवकाली - राम मंदिर से दूरी 1 किमी

महत्व - यह माता सीता की कुलदेवी का मंदिर है। मान्यता है कि उन्होंने यहां माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित की थी और वे यहां पूजा करने आती थीं।


खुलने का समय - सुबह से रात तक

# अयोध्या दर्शन गाइड

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD







## कनक भवन - राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व** - माता केकैयी ने श्रीराम और देवी सीता को यह भवन उपहार में दिया था यह उनका व्यक्तिगत महल था। 1885 में ओरछा रियासत की महारानी वृषभानु कुवंरी जूदेवी ने वर्तमान भवन का निर्माण करवाया था। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में श्रीराम और माता सीताजी की प्रतिमा स्थापित है।

**खुलने का समय** - सुबह 09.00 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक और शाम 04.30 बजे से रात 09.30 बजे तक

## सीता रसोई - राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व** - राम जन्म भूमि के उत्तर- पश्चिमी किनारे पर स्थित है। इसका उपयोग सीताजी किया करती थी। सीता की रसोई को एक प्राचीन रसोई माना जाता है जिसका उपयोग स्वयं देवी सीता ने किया था। राम जन्मभूमि के काफी नज़दीक निर्मित यह पवित्र स्थल अब एक मंदिर है। यह मंदिर के कोने में स्थित प्राचीन रसोई का मॉडल है जिसमें नकली बर्तन, रोलिंग प्लेट और रोलिंग पिन प्रदर्शित किये जाते है।

**खुलने का समय** - सुबह से रात तक

## सरयू तट - राम मंदिर से दूरी 2 किमी

**महत्व** - अयोध्या में 14 प्राचीन घाट हैं। हर घाट से जुड़ी कुछ प्राचीन मान्यताएं है। पर्व के समय इन घाटों पर भक्त पवित्र स्नान करने के लिए आते हैं।

**सरयू तट पर शाम की आरती** - भगवान राम की नगरी अयोध्या में सरयू तट पर शाम की आरती 6 से 7 बजे के बीच में होती है।

# अयोध्या दर्शन गाइड



**नागेश्वरनाथ महादेव दर्शन**
**राम मंदिर से 2 किमी दूर**

**महत्व** - भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर राम की पैड़ी में स्थित है। ऐसी मान्यता है कि इसका निर्माण श्रीराम के छोटे पुत्र कुश ने करवाया था।




**मणिराम दास छावनी**
**राम मंदिर से दूरी 1 किमी**

**महत्व** - इस मंदिर में आमने-सामने दो हवेलियां हैं। यहां के वाल्मीकिजी भवन की दो मंजिलों की दीवारों पर संपूर्ण वाल्मीकि रामायण अंकित है।



**रामलला सदन**
**राम मंदिर से दूरी 1 किमी**

**महत्व** - अयोध्या में यह पहला ऐसा मंदिर है, जिसे द्रविड़ शैली में बनाया गया है। यह भगवान श्रीराम के कुलदेवता भगवान विष्णु के स्वरूप भगवान रंगनाथन का मंदिर है।



**दशरथ महल**
**राम मंदिर से दूरी 700 मीटर**

**महत्व** - राजा दशरथ ने यह महल बनवाया था, हालांकि बाद में इसका कई बार जीर्णोद्धार हुआ। यहाँ भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और भरत की मूर्तियाँ हैं।




**रंग महल**
**राम मंदिर से दूरी 1 किमी**

**महत्व** - इस मंदिर के संत खुद को सीताजी की सखी मानते हैं । मान्यता है कि विवाह के बाद इस मंदिर में माता सीता की मुंह दिखाई रस्म हुई थी।



**राम की पैड़ी**
**राम मंदिर से दूरी 3.2 किमी**

**महत्व** - राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे बसे घाटों में से एक है। कहते हैं कि श्रीराम इसी पैड़ी से होकर सरयू में स्नान करने जाते थे।ऐसा माना जाता हैं कि एक नियमित समय में स्नान करने से व्यक्ति के जन्मों के पाप धुल जाते हैं।

# अयोध्या दर्शन गाइड

अयोध्या के पास यह **4** तीर्थ भी देखें




## भरत कुण्ड

**श्रीराम की पादुका रख कर भरत ने यहीं से 14 साल शासन किया।**
**अयोध्या से दूरी - 22 किलोमीटर**

## गुप्तारघाट

**यहीं श्रीराम ने जल समाधि ली थी। वे यहीं से साकेतधाम चले गए थे।**
**अयोध्या से दूरी - 10 किलोमीटर**







## सूर्यकुंड

**यहां भगवान सूर्य का मंदिर और कुंड है। जो लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है**
**अयोध्या से दूरी - 3 किलोमीटर**

## समाधि स्थल

**राजा दशरथ समाधि स्थल वह स्थान है जहां राजा दशरथ का अंतिम संस्कार किया गया था।**
**अयोध्या से दूरी 16 किमी**



# अयोध्या दर्शन गाइड

## अयोध्या के लिए कितने दिन का प्लान ?

अयोध्या के लिए कम से कम पूरे एक दिन का समय रखें। ठीक से अयोध्या के स्थानों को देखने के लिए कम से कम तीन दिन का प्लान बनाना चाहिए।

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

www.travelwithrv.co

## अयोध्या में साल के प्रमुख उत्सव:

-अयोध्या में रामनवमी, दीपावली दोनों पर खास उत्सव का माहौल होता है। इन दिनों यहां भक्त बड़ी संख्या में आते हैं।

-चैत्र, कार्तिक और सावन में यहां बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

-सावन झूला मेला (जुलाई-अगस्त) यहां देखने लायक होता है।

-अक्टूबर-नवंबर में 14 कोसी परिक्रमा के साथ यहां कार्तिक मेला लगता है।

-हर माह पूर्णिमा पर सरयू स्नान के दौरान यहां उत्सव का माहौल रहता है।

## अपने वाहन से अयोध्या जाएं तो:-

-सामान्य रूप से आप अपने वाहन से भी अयोध्या जा सकते हैं। हनुमानगढ़ी और कनक भवन का मार्ग संकरा होने के कारण यलो जोन से वाहन पास कराना होता है शेष अयोध्या में कोई दिक्कत नहीं है।

-शहर में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए टैक्सी मिल जाती है। जन्मभूमि स्थान पर ई-गोल्फ कार्ट की व्यवस्था है।

-अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गों पर वाहन पार्किंग बनाई गई है।

# अयोध्या दर्शन गाइड

TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

## 11 टिप्स अयोध्या में काम आएंगे-

1. आप राम जन्मभूमि परिसर के अंदर निजी सामान (फोन, वॉलेट, चार्जर, पेन, नोटबुक) नहीं ले जा सकते। परिसर में लॉकर नि:शुल्क है।

2. पूरे शहर के लिए ई-बसें शुरू की जा रही हैं। इसके अलावा गोल्फ कार्ट भी उपलब्ध रहेगी, जिसका किराया प्रतिव्यक्ति 50 रुपये रहेगा।

3. मौसम और पर्व के लिहाज से अयोध्या जाने का सबसे अच्छा समय मार्च, अप्रैल, मई, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के महीने का है।

4. राम मंदिर में बुजुर्गो और दिव्यांग भक्तों के लिए व्हील चेयर और लिफ्ट की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध है।

5. अयोध्या के अलावा लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। यह अयोध्या से लगभाग 152 किलोमीटर दूर है। गोरखपुर, प्रयागराज और वाराणसी हवाई अड्डों के बीच की दूरी क्रमश: 158 किमी, 172 किमी, 224 किमी है।

6. रामलला के मंदिर के ठीक बाहर अमावा पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट की राम रसोई है राम रसोई में रामलला के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को यहां आधार कार्ड दिखाने से नि:शुल्क भोजन मिलता है।

7. अयोध्या के लिए लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से टैक्सी मिल जाएगी। करीब 3000 रुपये में टैक्सी बुक करके लखनऊ से अयोध्या जा सकते हैं।

8. अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के दौरान कम से कम 5 चौकियां हैं। जहां आपको सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ सकता है ।

9. अगर अचानक किसी चिकित्सा सहायता की जरुरत पड़ती है तो राम मंदिर का चिकित्सा शिविर है इसके अलावा नजदीक ही श्रीराम अस्पताल भी है।

10. हेल्प लाइन: सहायता के लिए रामजन्म भूमि थाना SHO से 9454403310 पर और रामजन्म भूमि हेल्प डेस्क - 05278 292000 पर संपर्क कर सकते हैं।

11. होटल, वाहन और टूर गाइड की बुकिंग के लिए ट्रैवल विद आरवी से संपर्क करें: फ़ोन नंबर +91 9582628654 | 7668620932

# अयोध्या



TRAVEL WITH RV
JOURNEYS AROUND THE WORLD

TRAVEL WITH RV

JOURNEYS AROUND THE WORLD

# श्री राम मंदिर

## India Head Office

WZ-25, A-3, 2nd Floor, Near Janakpuri East Metro Station Gate No. 2,
New Delhi - 110058 (India)

### Registered Office

Shop No.1, Agra - Fatehpur Sikri Road, Midhakur (Agra) - 283105

### Branch Office

Nadesar, Varanasi, Uttar Pradesh

info@travelwithrv.co | sales@travelwithrv.co

+91 9582628654 | 7668620932 ☎ +91 11 41734257

Visit us: www.travelwithrv.co

(Approved & recognized by Ministry of Tourism, Govt. of India)